बरेली, बुधवार
2 सितंबर, 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

PAGE NO. 05 : RIGHT TOP

ब्रेन टीबी से पीड़ित मासूम का किया सफल ऑपरेशन

बरेली : एसआरएमएस मेडिकल कालेज में कोविड पाजिटिव मासूम बच्चे का सफल ऑपरेशन करके प्राणरक्षा की गई। ब्रेन टीबी से ग्रसित बच्चे के सिर में पानी बढ़ गया था। नैनीताल के गांव कोटाबाग की मोनिका मिश्रा बताती हैं कि पिछले वर्ष एक अगस्त को साढ़े सात माह में ही हार्दिक का जन्म हुआ। तीन माह का था तभी न्यूमोनिया हो गया। दो माह पहले बुखार और उल्टी की शिकायत हुई। 29 अगस्त को बेहोशी की हालत में उसे एसआरएमएस लाए। तुरंत आपरेशन न होने पर आंखों की रोशनी जाने व ब्रेन डैमेज की आशंका थी। सफल ऑपरेशन के बाद डॉ. शाह इसका श्रेय एनेस्थेसिया विभाग के एचओडी प्रदीप साही, डॉ. अलंकृता, डॉ. सांची और टीम को देते हैं। – वि